


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल





ग्वालियर वर्ष: 01 अंक: 128 | ग्वालियर, बुधवार 26 जनवरी 2022 | पृष्ठ: 08-मूल्य: 2 रु.


## सूचना

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर दैनिक पुष्पांजलि टुडे के कार्यालय पर अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 28 जनवरी को प्राप्त होगा।*

संपादक

## खास खबर

### अमेजॉन फिर विवादो मे, तिरंगे के अपमान को लेकर गृह मंत्री ने दिये एफआईआर के आदेश

**भोपाल।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म अमेज़न एक बार फिर विवादों में घिर गया है। अमेजन के खिलाफ एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एफआईआर के आदेश दिए हैं। इसका कारण अमेजन पर बेचे जा रही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे वाली छपी टी-शर्ट और जूते है, जिसका सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक विरोध किया जा रहा है। आज मीडिया से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। देश और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान नहीं सहेंगे, यह असहनीय है। राष्ट्रीयता, राष्ट्र की भावना और राष्ट्र के अपमान का कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेजॉन के खिलाफ एफआईआर की जाएगी, इसके लिए डीजीपी को निर्देश दिए गए है। उन्होने आगे कहा कि यह ध्वज संहिता का उल्लंघन प्रतीत हुआ है। अमेजन कंपनी के मालिक जेफ बेजोस और संस्था पर मध्यप्रदेश में एफआईआर के लिए डीजीपी को कहा है। दरअसल, 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के मौके ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म अमेज़न ने कई प्रॉडक्ट जैसे चॉकलेट रैपर, चाबी, की रिंग, फेस मास्क, सेरेमिक मग, टी शर्ट, जूतों और कपड़ों पर सेल शुरु की थी, जिस पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा छपा हुआ है, इसका लोगो विरोध करना शुरू करते हुए इन्हें सोशल साइट्स से हटाने की मांग की है। गोरतलब है कि इससे पहले पिछले साल नवंबर में अमेजन के खिलाफ भिंड में केस दर्ज हो चुका है। भिंड पुलिस ने अमेजन के जरिए गांजा बेचे जाने का रैकेट पकड़ा था। पुलिस ने अमेजन के डायरेक्टर्स के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं अमेजन पर 2019 में हिंदू देवी-देवताओं के चित्र वाली टॉयलेट सीट कवर और डोरमैट्स बेचने का आरोप लगा था।

### इंदौर पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस पदक

**भोपाल/इंदौर।** प्रदेश के इंदौर शहर मे पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र को पुलिस सेवा में रहते हुए सराहनीय कार्यो को अंजाम देने के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें आगामी 15 अगस्त को नई दिल्ली में दिया जाएगा। पुरस्कार की घोषणा मंगलवार को की गई है। जानकारी के अनुसार हरिनारायणचारी मिश्र ने इंदौर में एसडीओपी से अपनी सेवाओं की शुरुआत की थी। उसके बाद दो बार इंदौर में डीआईजी पदस्थ रहे और फिर आईजी इंदौर के पद पर भी रहे। वर्तमान मे मिश्र इंदौर पुलिस कमिश्नर के पद पर पदस्थ हैं। हरिनारायणचारी मिश्र को राष्ट्रपति पदक का सम्मान पुलिस में उनकी सराहनीय सेवा के लिए दिया जा रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान इंदौर में रहते हुए भी उन्होंने बढ़ती आत्महत्याओं को रोकने के लिए संजीवनी हेल्पलाइन की शुरूआत की थी, जिससे काफी मदद मिली।

### 14 वर्षीय किशोरी को बेचने के मामले में लड़की की मां सहित नौ लोगों को गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुजुर्ग व्यक्ति से विवाह करने के लिए कथित तौर पर तस्करी करके मुंबई से लाई गई 14 वर्षीय किशोरी को बचा लिया गया।मामले पीड़िता की मां सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस के दल ने 23 जनवरी को बालापुर में एक घर पर छापा मारकर लड़की की मां सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया। किशोरी को शादी करने के लिए खरीदने की कोशिश कर रहे बुजुर्ग को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### होम आइसोलेशन की कुशल निगरानी के दिए निर्देश

# स्वास्थ्य मंत्री ने की देश में कोरोना की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मंडाविया ने 9 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ष्ह्वङ्कद्बस्र्-19 और टीकाकरण प्रगति के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ई-संजीवनी जैसे टेली-कंसल्टेशन माध्यमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने होम आइसोलेशन में रहने वालों की कुशल निगरानी करने का भी आग्रह किया। बैठक में शामिल हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, लद्दाख, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ शामिल थे। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा और दादरा और नगर हवेली और दमन दीव के स्वास्थ्य




मंत्रियों और प्रधान सचिवों के साथ बातचीत की थी। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की समीक्षा करने, हर जिले में टेली-कंसल्टेशन हब स्थापित करने और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी थी।

### लाखों संक्रमण के मामले रोज

गौरतलब है कि, देश में कोरोना संक्रमण के रोजाना लाखों मामले सामने आ रहे हैं। कोविड-19 संक्रमण पर काबू पाने के लिए सरकार की तरफ से हर संभव कोशिश की जा रही है। सरकारी सूत्रों की माने तो 15 फरवरी के बाद से देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गिरावट दर्ज की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि टीकाकरण के चलते महामारी की तीसरी लहर का प्रभाव कम रहा है। आपको बता दें कि सोमवार को देश में कोरोना के 3,06,064 नए मामले सामने आए थे। इस दौरान संक्रमण के कारण 439 लोगों की मौत हुई, वहीं इससे एक दिन पहले 3.33 लाख और उससे एक दिन पहले 3.37 लाख नए मामले सामने आए थे।

## जाट समीकरण को साधने में जुटे शाह

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पहले राउंड की वोटिंग से ठीक पहले भाजपा ने जाट समुदाय को साधने के लिए अपनी फील्डिंग सजानी शुरू कर दी है। होम मिनिस्टर अमित शाह ने पश्चिम यूपी के 253 जाट नेताओं से मुलाकात करने का फैसला लिया है। यह मीटिंग पार्टी के ही एक दिग्गज जाट नेता के घर पर ही बुलाई गई है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी अमित शाह ने जाट नेता बीरेंद्र सिंह के घर पर समुदाय के नेताओं से मुलाकात की थी और वेस्ट यूपी के जाट लैंड में भगवा का परचम लहराया था।



जाट समुदाय के नेताओं के साथ अमित शाह की यह बैठक इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) इस बार जाट-मुस्लिम गठजोड़ बनाकर वेस्ट यूपी में बीजेपी की चुनौती बढ़ाने की कोशिश में है। दरअसल, पश्चिमी यूपी में बेहद प्रभावी जाट समुदाय के अधिकत लोग खेती से जुड़े हुए हैं और केंद्र सरकार की ओर से लाए गए कृषि कानूनों का वेस्ट यूपी में काफी विरोध हुआ। ऐसे में पार्टी को 2014 और 2017 की तरह समुदाय का वोट पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि गृहमंत्री अमित शाह वेस्ट यूपी के 253 जाट नेताओं से मुलाकात करेंगे। यह बैठक गणतंत्र दिवस परेड के बाद दोपहर में एक जाट नेता के घर पर होगी।

## पंजाब चुनाव 117 उम्मीदवारों के साथ राहुल गांधी करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**अमृतसर।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को अमृतसर पहुंचेंगे। पंजाब दौरे के दौरान राहुल गांधी पार्टी के नेताओं और नए उम्मीदवारों के साथ अमृतसर में गोल्डन टेंपल में लंगर में शामिल होंगे। लंगर में शामिल होने के दौरान राहुल गांधी के साथ सभी 117 उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे जिनको पार्टी ने इस बार के चुनाव में टिकट दिया है। पार्टी के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



गुरुवार सुबह दिल्ली से अमृतसर पहुंचेंगे। अमृतसर पहुंचने के बाद वह स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकेंगे और पार्टी के 117 उम्मीदवारों के साथ लंगर में शामिल होंगे। इसके साथ-साथ राहुल गांधी दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल भी जाएंगे और वहां मत्था टेकेंगे। दोपहर में राहुल अमृतसर से 100 किलोमीटर दूर जालंधर पहुंचेंगे। बाद में दिन में जालंधर के मीठापुर में, राहुल गांधी शाम को दिल्ली लौटने से पहले पंजाब फतेह वर्चुअल रैली को संबोधित करेंगे। चुनाव आयोग ने शनिवार को फीजिकल रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध 31 जनवरी तक बढ़ा दिया। पंजाब में 20 फरवरी को मतदान होगा।

## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे 75 विमान

**नई दिल्ली।** इस बार का गणतंत्र दिवस परेड कुछ खास होने वाला है। इस बार की परेड में इतिहास में पहली बार 75 विमानों का फ्लाई पास्ट होगा। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 75 विमानों का भव्य फ्लाई-पास्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन, 75 मीटर लंबाई के 10 स्क्रॉल का प्रदर्शन और 10 बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए जाने जैसे कार्यक्रम बुधवार को गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार होंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड-2022 भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में हो रही है जिसे पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। ग्रैंड फिनाले और परेड के सर्वाधिक प्रतीक्षित खंड फ्लाई-पास्ट में पहली बार भारतीय वायुसेना के 75 विमान आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में दिखेंगे। मंत्रालय ने कहा कि पहली बार भारतीय वायुसेना ने फ्लाई-पास्ट के दौरान कॉकपिट का वीडियो दिखाने के लिए दूरदर्शन के साथ तालमेल बैठाया है। बयान में कहा गया कि राफेल, सुखोई, जगुआर, एमआई-17, सारंग, अपाचे और डकोटा जैसे पुराने और वर्तमान आधुनिक विमान फ्लाई-पास्ट में राहत, मेघना, एकलव्य, त्रिशूल, तिरंगा, विजय और अमृत सहित विभिन्न संयोजन (फॉर्मेशन) का प्रदर्शन करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि पहली बार परेड के दौरान राजपथ पर 75 मीटर लंबाई और 15 फुट ऊंचाई के 10 स्क्रॉल प्रदर्शित किए जाएंगे। बयान में कहा गया, %वे (स्क्रॉल) रक्षा और संस्कृति मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कला कुंभ कार्यक्रम के दौरान तैयार किए गए थे।% ये स्क्रॉल दो चरणों में भुवनेश्वर और चंडीगढ़ में देशभर के 600 से अधिक प्रसिद्ध कलाकारों और युवा कलाकारों द्वारा चित्रित किए गए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पहली बार परेड में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का चयन राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के जरिए किया गया है। इसने कहा कि प्रतियोगिता वंदे भारतम 323 समूहों में लगभग 3,870 नर्तकों की भागीदारी के साथ जिला स्तर पर शुरू हुई थी जिसमें कलाकार नवंबर और दिसंबर में दो महीने की अवधि में राज्य और जोनल स्तर तक के कार्यक्रमों में पहुंचे।

## चुनाव के दौरान चीजें 'मुफ्त' देने की घोषणा पर कोर्ट ने जताई चिंता, केंद्र व आयोग से 4 हफ्ते में मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** चुनाव में जनता को मुफ्त चीजें देने का वादा करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। चुनाव के दौरान चीजें मुफ्त देने संबंधी घोषणाओं पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को नोटिस भेजा है। सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में इस मसले पर जवाब देने का निर्देश दिया है। याचिका में सार्वजनिक धन का इस्तेमाल कर मुफ्त चीजें देने का वादा करने वाली पार्टियों के चुनाव चिह्न जब्त करने और दलों को गैर-पंजीकृत करने के निर्देश देने की मांग की गई है। भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस हिमा कोहली ने याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिका में गंभीर मुद्दा उठाया गया है। हालांकि, बेंच ने इस ओर भी इशारा किया कि याचिकाकर्ता की तरफ से चुनिंदा पार्टियों के नामों का ही जिक्र किया गया है। सीजेआई ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है और मुफ्त वितरण का बजट नियमित बजट से अलग होता है। भले ही यह भ्रष्ट काम नहीं है, लेकिन यह मैदान में असमानता तैयार करता है। इसके अलावा सीजेआई ने कहा आपने हलफनामे में केवल दो नाम शामिल किए हैं।

याचिका में पंजाब विधानसभा चुनाव में हुई घोषणाओं का हवाला दिया गया है। इनमें आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस का नाम शामिल है। याचिकाकर्ता ने कहा कि मुफ्त की घोषणाएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई हैं। उपाध्याय ने यह घोषणा करने की भी प्रार्थना की है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन के जरिए मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की चीजों का वादा या वितरण करना संविधान के अनुच्छेद 14, 162, 266(3) और 282 का उल्लंघन है।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 51 लोगों को जीवन रक्षा पदक से किया सम्मानित, 5 लोगों को मरणोपरंत मिला ये सम्मान

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दूसरों का जीवन बचाने के लिए बहादुरी दिखाने वाले 51 लोगों को जीवन रक्षा पदक 2021 से सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रपति कोविंद ने 51 लोगों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। 16 लोगों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, आठ लोगों को उत्तम जीवन रक्षा पदक और 31 लोगों को जीवन रक्षा पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें से पांच लोगों को मरणोपरंत यह सम्मान दिया जा रहा है।

**अशोक चक्र की शाखा है जीवन रक्षा पदक पुरस्कार:** आपको बता दें कि जीवन रक्षा पदक पुरस्कार अशोक चक्र की एक शाखा है। जैसा कि इसके नाम से पता चल रहा है कि




जीवन रक्षा पदक किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा में सराहनीय काम करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। पानी में डूबने, दुर्घटना, आग की घटनाएं, बिजली का झटका, प्राकृतिक आपदाएं, सड़क और बचाव अभियान जैसे मामलों में व्यक्ति की जान बचाने में योगदान देने वाले व्यक्ति को पदक दिया जाता है। मंत्रालय की ओर से जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार तीन श्रेणियों- सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक और जीवन रक्षा पदक के तौर पर दिए जाते हैं। किसी व्यक्ति के मरणोपरांत भी यह पुरस्कार दिया जा सकता है।

**तीन श्रेणियों के अनुसार दिया जाता है**

**जीवन रक्षा पदक:** सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक विशिष्ट के लिए दिया जाता है। बड़े खतरे की परिस्थितियों में जीवन बचाने का साहस करने के लिए व्यक्ति को दिया जाता है। उत्तम जीवन रक्षा पदक साहस के लिए दिया जाता है और बड़े खतरे की परिस्थितियों में जीवन बचाने में तत्परता के साथ किसी का जीवन बचाने के लिए दिया जाता है।

### कनाडा ने भी दी नागरिकों को यात्रा न करने की चेतावनी

नई दिल्ली। कनाडा ने यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अपने नागरिकों को बहुत जरूरी होने पर ही यूक्रेन की यात्रा करने की सलाह दी है। कनाडा के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा,ह्लरूस और यूक्रेन के बीच बढ़ रहे तनाव और दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों में बढ़ते सैन्य जमावड़े के कारण खतरा बढ़ रहा है ऐसे में यूक्रेन की गैर ज़रूरी यात्रा से बचें। यह कदम कुछ उसी तरह का है जैसे सोमवार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए यूक्रेन में अपने कुछ राजनयिकों और उनके परिवारों को वहां से निकलने की इजाजत दी थी।

## कफील खान ने सीएम योगी के खिलाफ विपक्षी दलों से मांगा टिकट

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 80 बच्चों की ऑक्सीजन की कमी से मौत के बाद चर्चा में आए डॉक्टर कफील खान सीएम योगी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने विपक्षी पार्टियों से उन्हें प्रत्याशी बनाने की मंशा जाहिर की है। सीएम योगी गोरखपुर सदर सीट से मैदान में आ रहे हैं। सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कफील खान के खिलाफ योगी सरकार ने रासुका की कार्रवाई की थी। हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद कफील जेल से बाहर आए थे। कफील खान ने यह भी बताया कि वह क्यों चुनाव लड़ना चाहते हैं। गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ सकता हूं। कई दलों से मेरी बात चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा और कोई पार्टी मुझे टिकट देती है तो मैं तैयार हूं। इस सवाल पर कि कौन सी पार्टी उनके संपर्क में है, खान ने कहा कि वह अभी पार्टी का नाम नहीं बताएंगे। गोरखपुर में विधानसभा चुनाव के छठे चरण में आगामी तीन मार्च को मतदान होगा। खान ने आरोप लगाया कि उन्हें अगस्त 2017 में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में कथित रूप से ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई 80 बच्चों की मौत के मामले में बलि का बकरा बनाया गया। खान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में हुई उस त्रासद घटना के वक्त वहां तैनात थे। इस मामले में उन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। खान ने कहा कि वह फेसबुक, ट्विटर इत्यादि सोशल मीडिया मंच पर सक्रिय है।

# योगी ने पाक का नाम लेकर सपा पर किया बड़ा हमला, बोले- समाजवादियों के नस-नस में दौड़ रहा तमंचावाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। ऐसे में जैसे-जैसे चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है, सियासी पारा भी बढ़ता जा रहा है। भाजपा, सपा और बसपा सबने अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। ऐसे में विपक्ष की पुरानी नीतियों पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फर्क साफ है।



उन्होंने पाकिस्तान का नाम भी लेकर समाजवादी पार्टी पर जोरदार तंज कसा है। सीएम योगी आदित्यनाथ सोशल मीडिया एप कू पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिन्हें पाकिस्तान दुश्मन नहीं लगता, जिन्ना दोस्त लगता है। उनकी शिक्षा-दीक्षा और दृष्टि पर क्या ही कहा जाए। वे स्वयं को समाजवादी कहते हैं, लेकिन सत्य यही है कि इनके नस-नस में तमंचावाद दौड़ रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने अपने अगले पोस्ट में कहा कि एक कहावत है, करें न धरें, तरकस पहने फिरें... पूरे विपक्ष का यही हाल है! सत्ता में रहे तो कुछ करा न धरा, अब चुनाव के समय सब तरकस पहने फिर रहे हैं। बता दें कि जिन्ना प्रकरण के बाद अब पाकिस्तान के मामले पर भाजपा ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को निशाने पर ले लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान से पहले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने सोमवार को कहा था कि सपा जिन्ना और पाकिस्तान के सहारे विधानसभा चुनाव जीतना चाहती है। यदि आतंकी याकूब मेमन और अजमल कसाब को फांसी न हुई होती तो नाहिद हसन जैसे दंगाइयों को टिकट देने वाले अखिलेश मेमन को प्रत्याशी और कसाब को स्टार प्रचारक बना देते। भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में संबित पात्रा ने कहा कि अखिलेश यादव का एक इंटरव्यू पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत का असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं है। यह तो भाजपा है, जो पाकिस्तान को अपना दुश्मन मानती है और वोटबैंक के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधती है। उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के दिन अखिलेश यादव का यह संदेश कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन नहीं है, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है। अखिलेश का पाकिस्तान से प्यार का इजहार करने वाला यह बयान उनकी मानसिकता को दिखाता है। उन्हें इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने तंज कसा कि जो जिन्ना से करे प्यार, वह पाकिस्तान से कैसे करे इन्कार।

जिन्ना का नाम लेते हुए अखिलेश यादव चुनावी मैदान में उतरे थे और आज वह पाकिस्तान तक पहुंच गए हैं। भाजपा ने इस बार चुनाव में यह बात नहीं कही। जिन्ना को भी यूपी के चुनाव में अखिलेश लेकर आए थे और अब पाकिस्तान को भी वही लाए हैं।










## मासूम के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए: सरकार



**प्रदेश भर में बेटियां असुरक्षित हैं। भाजपा नेनाराम सीरवी। पाली**

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी पाली सुमेरपूर में विधानसभा क्षेत्र के मण्डलो की अतिआवश्यक बैठक आयोजित हुई । अति आवश्यक बैठक में भारतीय जनता पार्टी परिवार पाली ने तखतगढ़ थाना क्षेत्र के पिचावा गांव में 10 वर्षीय मासूम बालिका की दुष्कर्म कर हत्या की घटना पर गहरा दुख जताया। 10 वर्षीय मासूम बच्ची का हत्यारा पिचावा गांव का ही युवक ही है। वो बच्ची को बहला फुसलाकर गाव से बाहर ले जाकर रेप कर मासूम बच्ची को कुआ मे डालकर मार दिया । इस विरोध में भारतीय जनता पार्टी परिवार पाली सहित क्षेत्रवासियों ने हत्या की घटना पर निंदा की। जिसमें अति आवश्यक भारतीय जनता पार्टी की बैठक में उपस्थित सांसद विधायक मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से हत्यारे को अति शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस तरह की घटना से राजस्थान की बेटियो मे असुरक्षा का भय है । वहीं प्रदेश भर में बेटियां सुरक्षित नहीं है। 10 वर्षीय मासूम की हत्या में सीरवी समाज संपूर्ण भारत ने गहरा दुख जताया। घटनास्थल पर सीरवी समाज सहित ग्राम वासियों स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं राजस्थान सरकार के प्रति भारी विरोध प्रदर्शन किया। पिचावा के पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पाली सांसद पी पी चौधरी सुमेरपुर विधायक जोराराराम कुमावात भाजपा जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिरवी नारायण कुमावत किसान नेता भवर चौधरी नरपतसिंह मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल भाजपा नेता हरिभाई पटेल रूपावास उपाध्यक्ष कुपाराम महामंत्री हीरालाल मेघवाल सिरवी वीरेंद्र सिंह मादडी मोंटुसिंह डिंगाई पंकज मीणा पूर्व ऐसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष आनंदपुरी गोस्वामी सहित ग्रामीण मौजुद रहे

# मप्र के इन अफसरों ने बढ़ाया मान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित...





### मध्य प्रदेश के खाते में इस बार 24 पुरस्कार आये हैं जिसमें तीन पुलिस वीरता मेडल, चार राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा मेडल और 17 सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस मेडल शामिल हैं...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**भोपाल...** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज मंगलवार को गणतन्त्र दिवस से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों और कर्मचरियों को दिए जाने राष्ट्रपति पुरस्कारों की घोषणा कर दी। मध्य प्रदेश के खाते में इस बार 24 पुरस्कार आये हैं जिसमें तीन पुलिस वीरता मेडल, चार राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा मेडल और 17 सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस मेडल शामिल हैं। Police Medal ¬मप्र के इन अफसरों ने बढ़ाया मान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानितPolice Medal ¬मप्र के इन अफसरों ने बढ़ाया मान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित केंद्र सरकार द्वारा घोषित सूची में मप्र को Police Medal For Gallantry (क्क्त्र) की श्रेणी में तीन पदक मिले हैं ये पदक पाने वालों में सब इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल वैशाखू लाल और IPS तरुण नायक शामिल हैं। इसके अलावा श्रेणी में एडीजीपी (डायरेकर खेल विभाग) रवि कुमार गुप्ता, डीएसपी सुभाष सिंह, इंस्पेक्टर निरंजन कुमार श्रीवास्तव और हेड कांस्टेबल लल्लू राम त्यागी शामिल हैं घोषित सूची में Police Medal (क्क्रू) For Meritorious Service श्रेणी में इंदौर पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारि मिश्र, आईजी अनुराग, एआईजी (श्वह्लड्ड) पल्लवी त्रिवेदी, ग्वालियर एसपी अमित सांघी , सब इंस्पेक्टर संजय सुधाकर, इंस्पेक्टर सुनील कुमार जैन, डीएसपी सूर्यकांत अवस्थी, इंस्पेक्टर धैर्यशील येवले, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर दिनेश जोशी, इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार चंद्रयान, एएसआई सेवाराम मैथिल , कॉन्स्टेबल मदन मुरारी शुक्ला, कॉन्स्टेबल प्रेम लाल तिवारी, दीप्ती कमांडेंट रामप्रताप पटेल और डीएसपी ओम प्रकाश श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। इन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 अगस्त को ये पदक दिए जायेंगे।





# कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने मंगलवार को आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन और समय सीमा पत्रों की समीक्षा की। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी को कहा कि ऐसे विभाग जिनके प्रकरण लंबे समय से लंबित है और निराकरण में लापरवाही बरती जा रही है उन विभागों के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाए। बैठक में न्यायालय के अवमानना प्रकरण सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी सहित राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 300 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकृत कराए। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की।



**किसानों का पंजीयन तहसील स्तर पर किया जाए:** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का पंजीयन तहसील स्तर पर नियुक्त संस्थाओं में समय पर किया जाए और पंजीयन के संबंध में कृषकों को जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि घर बैठकर पंजीयन करने के संबंध में भी किसानों को बताया जाए।

**शासकीय कार्यालयों में ऊर्जा की खपत में कम से कम 10 प्रतिशत की बचत की जाए:** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि समस्त शासकीय कार्यालयों में ऊर्जा की खपत में कम से कम 10 प्रतिशत की बचत की जाए। जिसके तहत कार्यालय में जरूरत न होने पर उपकरण को मुख्य स्विच से स्विच ऑफ करें। कार्यालय में उपस्थित विद्युत उपकरणों का न्यूनतम आवश्यकता अनुसार ही उपयोग करें।

### अंकुर अभियान के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

अंकुर अभियान के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जिन?होंने अभीतक इस अभियान में सहभागिता कर पौधे लगाए हैं और वायुदूत एप पर प्रथम फोटो अपलोड किये हैं वह सेकेण्ड फोटो भी अपलोड करें। अंकुर अभियान में पूरे प्रदेश में शिवपुरी जिला प्रथम स्थान पर है। इसे निरंतर बनाए रखना है क्योंकि वृक्षारोपण का यह वृहद अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# सबका साथ सबका विकास की प्रेरणा से विकास संभव : सरपंच राजपुरोहित

### सरपंच कार्यकाल के सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल में ग्राम पंचायत को दी विकास की कई सोगाते

### विकास का लक्ष्य पूरा करने के लिए संपूर्ण प्रयास किया जाएगा / ग्राम पंचायत चाचोड़ी

**नेनाराम सीरवी। पुष्पांजलि टुडे पाली**

**रानी पाली/**रानी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत चाचोड़ी सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित सरपंच कार्यकाल के सफलतम 2 वर्ष के उपलक्ष में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ऑल इंडिया कांग्रेस संगठन प्रदेश महासचिव गणेश सिंह राजपुरोहित पुनाडिया ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत चाचोड़ी पीराराम देवासी ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह पंचायत सुरक्षा गार्ड केसाराम देवासी आदि सहित ग्राम वासियों ने किया भव्य सम्मान।




सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने अपने सरपंच पद के सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल में ग्राम पंचायत सहित ग्राम वासियों का आभार जताया। सरपंच राजपुरोहित ने कहा कि सबका साथ सबका विकास की प्रेरणा से विकास की हर मंजिल को विजय में तब्दील किया जा सकता है। ग्राम पंचायत इसी लक्ष्य के अनुसार सफलता हासिल कर रही हैं। अपने सरपंच पद के सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल का पूरा श्रेय पंचायत प्रशासन के साथ-साथ संपूर्ण ग्राम वासियों को दिया। राजपुरोहित के सरपंच कार्यकाल में विकास कार्य में निरंतर गति प्रदान की।सरपंच राजपुरोहित के सरपंच कार्यकाल में वार्षिक वृक्षारोपण कार्य प्रशासन गांवों के संग अभियान। मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर कोराना टीकाकरण अभियान। स्वस्थ भारत मिशन अभियान में उत्कृष्ट कार्य किए गए। सरपंच पद के सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल में रोजगार। विकास पेयजल शिक्षा चिकित्सा स्वच्छता अभियान के साथ साथ कोराना महामारी में सफलता हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### ग्राम पंचायत को दी विकास की सौगात

गांधी चौक से माताजी मंदिर रोड मय नाली निर्माण। रामदेवरा मंदिर से नवा अरट तक सी सी सड़क मय नाली निर्माण अलख जी मंदिर से किरवा के मुख्य रोड तक सीसी सड़क व मय नाली निर्माण सज्जन सिंह के घर से नरपत सिंह के घर की तरफ सी सी रोड एवं मय नाली निर्माण राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सुलभ शौचालय पीडब्ल्यूडी विभाग का मुख्य रो आबादी क्षेत्र में सीसी गांधी चौक का सौंदर्य करण ढोला मार्ग पर ग्रेवल सडक एवं पुलिया निर्माण ओम्बेटा अरट से वाघोता नाडा की ग्रेवल सड़क भगतावा से नादाणा मार्ग पर ग्रेवल सड़क नादाना मार्ग पर पुलिया निर्माण जवाली मार्ग पर पुलिया निर्माण माताजी मंदिर से मोडाराम देवासी के घर की तरफ सीसी रोड चारभुजा चौक स्थित सार्वजनिक पेयजल पर सीसी एवं नाली निर्माण कार्य।

### मां चामुंडा मंदिर से देवासियों के पास तक सीसी निर्माण, एक कदम सफलता की ओर अग्रसर।

राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य अतिक्रमण मुक्त ग्राम पंचायत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर घर नल जल कनेक्शन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाना ग्राम पंचायत की पहली प्राथमिकता रहेगी

## पूर्व कैबिनेट मंत्री के स्वस्थ होने के लिए व्रत रखकर व रात्रि जागरण कर होगा भंडारे का आयोजन

**उमाकान्त शर्मा (चम्बल संभाग रिपोर्टर)**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** शहर के शताब्दीपुरम में स्थित दंदरौआ धाम मंदिर पर मध्य प्रदेश के ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी सौरभ शर्मा ने बिहारी समाज के साथ मिलकर पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश जयवर्धन सिंह के स्वास्थ्य को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना कर व्रत रखा एवं रात भर राम नाम से रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है सुबह भंडारे के साथ व्रत तोड़ा जाएगा।समाजसेवी सौरभ शर्मा ने प्रभु श्री राम से पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन जयवर्धन सिंह को जल्द से जल्द स्वस्थ करने की कामना के साथ यह आयोजन किया है।



